तो इसकी कोई विस्तृत योजना अभी नहीं बनी है । इस पर विचार किया जा रहा है ।

**Bridge Over Swan Nadi**

**1996. Shri Hem Raj:** Will the Minister of Transport and Communications be pleased to state:

(a) whether the Punjab Government have approached the Central Government for loan, subsidy or grant for the construction of a bridge on Swan Nadi near Una (Punjab); and

(b) if so, the stage at which the proposal stands?

**The Minister of Transport and Communications (Shri Lal Bahadur Shastri):** (a) No, Sir.

(b) Does not arise

रेलवे कार्यालय का स्थानान्तरण

१९९७. श्री आंगड़े : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण पूर्वी रेलवे के चीफ मैकेनिकल इंजीनियर का कार्यालय खड़गपुर से कलकत्ता स्थानान्तरित किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो यह कब तक स्थानान्तरित कर दिया जायेगा ,

(ग) इस कार्यालय में इस समय कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं , और

(घ) कलकत्ता में इन कर्मचारियों के रहने की क्या व्यवस्था होगी ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) दक्षिण-पूर्व रेलवे के चीफ मैकेनिकल इंजीनियर का दफ्तर पहले ही कलकत्ता भेज दिया गया है और डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (रनिंग) का दफ्तर कलकत्ता भेजा जा रहा है ।

(ख) चीफ मैकेनिकल इंजीनियर का दफ्तर नवम्बर, १९५६ में कलकत्ता भेजा गया और डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (रनिंग) का दफ्तर जल्दी कलकत्ता भेजा जायेगा ।

(ग) चीफ मैकेनिकल इंजीनियर कलकत्ता के दफ्तर में २० और डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (रनिंग) के दफ्तर में १०० कर्मचारी काम कर रहे हैं ।

(घ) डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर (रनिंग) के दफ्तर में काम करने वाले १०० कर्मचारियों में से ६० कर्मचारी बिना सरकारी मकान के अपनी मर्जी से कलकत्ता जाने को तयार हैं । बाकी ४० कर्मचारियों के लिये रेलवे मकानों का प्रबन्ध कर रही है ।

मध्य प्रदेश में खरीफ की फसल

१९९८. श्री आंगड़े : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के पूर्वी जिलों में खरीफ की फसल के अनुमान केन्द्र को भेज दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ये अनुमान किस के द्वारा एकत्र किये गये थे; और

(ग) सूखे से पीड़ित इन क्षेत्रों में सहायता कार्यों अथवा लोगों को काम देने पर कितनी धन-राशि खर्च करने का विचार है और उसमें से कितने प्रतिशत खर्च केन्द्रीय सरकार वहन करेगी ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन): (क) तथा (ख). अभी तक मुख्य खरीफ अन्नों के उत्पादन के प्रारम्भिक अनुमान प्राप्त हुए हैं । उत्पादन के अन्तिम अनुमान अप्रैल १९५८ के आखिर तक उपलब्ध होंगे ।

खरीफ फसलों के उत्पादन के अनुमान राज्य के सांख्यिक द्वारा किये गये रेन्डम सैम्पल क्राप कटिंग सर्वेज (Random Sample Crop Cutting Surveys) पर आधारित हैं और लैंड रिकार्ड्स के निदेशक के अधीन ग्राम राजस्व स्टाफ ने खरीफ फसलों के क्षेत्र के आंकड़े कम्पलीट एनुमरेशन (Complete Enumeration) के तरीके के द्वारा इकट्ठे किये हैं।

(ग) अभी तक मध्य प्रदेश सरकार ने ३५ लाख रुपये मंजूर किये हैं और १५ लाख रुपये हाल ही में एलाट (allot) करने के लिये रखे हुए हैं। जहां तक केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है, राज्य सरकारों को प्राकृतिक आपत्तियों के सम्बन्ध में सहायता के लिये नीति पहले ही बता दी गई है। जिसके अनुसार राज्य सरकारें ग्रेचुइटस रिलीफ (Gratuitous relief) के २ करोड़ रुपयों तक के समस्त खर्च का आधा भाग और २ करोड़ से अधिक व्यय का तीन चौथाई भाग अनुदान के रूप में प्राप्त करने की अधिकारी हैं।

### Durgapur Barrage Bridge

**1999. Shri S. Ghose:** Will the Minister of Irrigation and Power be pleased to state:

(a) whether the vehicular traffic over the Durgapur Barrage Bridge was stopped;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) for how many days it was stopped?

**The Minister of Irrigation and Power (Shri S. K. Patil):** (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the Lok Sabha.

### Nagarjuna Sagar Project

**2000. Shri Bali Reddy:** Will the Minister of Irrigation and Power be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 727 on the 31st May, 1957 and state:

(a) the loans sanctioned in 1957-58 for right and left bank canals of Nagarjuna Sagar Project; and

(b) the amount proposed to be spent on both the canals in the Second Five Year Plan?

**The Minister of Irrigation and Power (Shri S. K. Patil):** (a) and (b). Loans are sanctioned for the project as a whole. So far, a loan of Rs. 310 lakhs has been sanctioned for the Nagarjuna Sagar Project during 1957-58. A provision of Rs. 32·3 crores has been made for the whole project in the Second Plan

### Delay of Telegrams

**2001. { Shri B. C. Mullick:**
**Shri Surendranath Dwivedy:**

Will the Minister of Transport and Communications be pleased to state:

(a) the number of telegrams delayed or lost at various telegraph offices since the introduction of T.R.X. system in Bombay; and

(b) the number of telegrams delayed or lost during the corresponding period of last year before the introduction of T.R.X System?

**The Minister of Transport and Communications (Shri Lal Bahadur Shastri):** (a) and (b). The Tape Relay Exchange was installed at Bombay on 25th June, 1957. The number of stations working into the Exchange is at present twenty. Only telegrams to and from these stations via Bombay are handled by the Tape Relay Exchange. The Exchange being an automatic switching system, it is not usual to maintain statements of delays suffered in transit through the Tape Relay Exchange. The information required is, therefore, not available. It is hoped to collect the information for a few days for purposes of comparison and it will be laid on the Table of the Lok Sabha.